तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 16 जुलाई 2025





14 विकास कार्यों में गति लाने पर जोर, राशन ...



14 सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समितियों ...


## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th / 12th / स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की




संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in

बी.एम. आई.टी.आई.
- कोपा
- इलेक्ट्रिशियन
- हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
- डीजल मैकेनिक
- फायर टेक्नालॉजी
- स्टेनो हिन्दी

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-18/07/25



## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**महासमुंद**। बाइक से फूल बेचने जा रहा व्यक्ति कार की टक्कर से घायल हो गया। घटना विंध्यवासिनी मंदिर किसनपुर के पास की है। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ पिथौरा थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को पुलिस को ग्राम गोलाझर जिला बलौदाबाजार निवासी वेदप्रकाश पटेल ने बताया कि वह 28 मई को मोटर सायकल क्र. सीजी04 पीएच 1127 से फूल बेचने पिथौरा जा रहा था, इसी दौरान विंध्यवासिनी मंदिर किशनपुर के पास मारूति इको क्र. सीजी 04 पीएल1578 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट किया। प्रार्थी ने इलाज कराने के बाद 14 जुलाई को आरोपी वाहन के खिलाफ कार्रवाई के लिए पिथौरा थाने में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर धारा 281, 125(ए) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया।

### धान फसल में ट्रैक्टर चलाने को लेकर विवाद, मारपीट

**महासमुंद**। खेत में बोये गए धान में ट्रैक्टर चलाने को लेकर हुए विवाद में मारपीट की घटना हो गई। मामले को लेकर सांकरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी कामदेव नेताम पिता ज्ञान प्रसाद नेताम (20 साल) चारभाठा ने बताया कि 11 जुलाई अपने खेत की जोताई के लिए उसका भाई हरीश नेताम ट्रैक्टर को सुमित्रा खडिया के बोये हुए खेत को पार ले गया था। दोपहर करीब 02.30 से 3 बजे के बीच सुमित्रा खडिया व पवन खडिया गाली गलौच करते हुए खेत में आये, उनके पीछे-पीछे कुमार खडिया, रघुवीर खडिया और अमृत खडिया भी आये और बोले कि तुम हमारे धान बोये हुए खेत में ट्रैक्टर को पार करके कैसे ले गये कहते हुए गाली गलौज कर छोटे भाई हरीश से मारपीट करने लगे। जब वह अपने पिता के साथ बीच बचाव करने पहुंचा तो दिनेश खडिया, शिव मरकाम व रघुवीर खडिया ने डंडे से मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 191(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।



# आस्था पर भारी पड़ रही महंगाई, गणेश मूर्ति के निर्माण सामग्री एवं नारियल के दाम बढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सावन का महीना जारी है और इन दिनों आस्था पर महंगाई की मार से लोगों की जेबें ढीली हो रही है। पूजा सामग्री के साथ नारियल के दाम बढ़े हुए हैं वहीं आगामी दिनों में गणेशोत्सव के लिए गणेश प्रतिमाओं के भी इस बार महंगे होने की खबर है। बता दें कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला मुख्यालय एवं ग्रामीण इलाकों में गणेश चतुर्थी पर मूर्तियों की स्थापना होगी लेकिन, इस बार महंगाई इन पर भारी पड़ेगी।

क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम साराडीह के रहने वाले मूर्तिकार शंभू पुरैना ने बताया कि अभी तक 5 से 30 हजार तक की प्रतिमा का निर्माण आर्डर द्वारा किया गया है। उन्होंने बताया कि कील से लेकर फैंसी सामान, बांस, बत्ता लकड़ी सहित मिट्टी के दामों में वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि प्रतिमाओं का आर्डर नवंबर से शुरू हुआ है। अब समय कम होने की वजह से कुछ ऑर्डर लिया जाएगा। साथ ही साथ माता की प्रतिमाओं का भी निर्माण किया गया है। ताकि माता की प्रतिमा निर्माण के लिए कम समय मिला है। इस लिए समय से पहले ही कुछ प्रतिमाओं का निर्माण कर रखा गया है। इस वर्ष मूर्ति निर्माण में लगने वाले सामग्रियों में बढ़ोत्तरी होने के कारण मूर्तियां महंगी हो रही है। उन्होंने बताया कि गणेश चतुर्थी 27 अगस्त से प्रारंभ हो जायेगी इसको देखते हुए जल्द से जल्द मूर्ति निर्माण का कार्य किया जा रहा है ताकि समय रहते सभी मूर्तियों का निर्माण किया जा सके।



### कांटाबांजी एवं आरंग तक पहुंचेगी गणेश की मूर्ति

मूर्तिकार शंभु पुरैना एवं राजेश चक्रधारी ने बताया है कि गणेश की मूर्ति जिला मुख्यालय एवं आस पास के गांवों साथ कांटाबांजी, आरंग से भी मूर्ति निर्माण का आर्डर लिया गया है। इस बार महासमुंद से अन्य जिलों के साथ दूसरे राज्य तक गणेश की मूर्ति भेजे जायेंगें।

### 3 से 12 फिट की मूर्तियों का मिला ऑर्डर

कुम्हारपारा निवासी राजेश चक्रधारी, भरत चक्रधारी ने बताया कि साल-दर-साल प्रतिमा निर्माण में लगने वाले सामग्रियों की कीमतों में बढ़ोतरी होती जा रहा है। उन्होंने बताया कि उनके पास भी 5 हजार से 50 हजार तक की प्रतिमाओं का निर्माण किया जा रहा है। 3 फीट से 12 फीट तक की प्रतिमाओं का आर्डर मिला हुआ है।

### नारियल के दाम बढ़े

अभी सावन का महिना चल रहा है जिसको लेकर शिवभक्तो में उत्साह देखने को मिल रहा है। वही भगवान को अर्पित करने वाले नारियल के दाम बढ़े हुए है। मंदिर पहुंचे लोगों ने बताया है कि पहले जो नारियल 15 से 20 रुपए तक बिकते रहे हैं, वह अब दाम साइज के अनुसार 25 से 30 रुपए हो गये है एवं पूजा के अन्य सामग्रियों के भी दाम बढ़े हुए है। अजय प्रोविजन स्टोर्स से मिली जानकारी अनुसार जो नारियल की बोरी 900 रुपए में मिल रहे थे अब 1150 तक हो चुके है।

**गड़बड़ी : बागबाहरा ब्लाक के ग्राम भालुचुवा की महिलाओं ने कलेक्टर से की शिकायत**

# लोन के नाम पर बैंक द्वारा चेक में हेराफेरी कर पैसा गबन, समूह ने जनदर्शन में की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला के बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम भालुचुंवा के महिला समूह से लोन के नाम पर बैंक द्वारा चेक में हेराफेरी कर पैसा गबन करने का मामला सामने आया है। जय श्री गणेश महिला स्व सहायता समूह भालुचुंवा के अध्यक्ष एवं उनके सदस्यों ने मामले की शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर से की है।

महिला समूह अध्यक्ष ने बताया है कि शासन की जय बिहान योजना अंतर्गत एक वर्ष के लिए हमारी जय श्री गणेश महिला स्व सहायता समूह को भारतीय स्टेट बैंक शाखा बागबाहरा से 29 अप्रेल 2024 को 6 लाख रुपए लोन पास हुआ तथा समूह के बचत खाता कं. 40706018656 में 29 अप्रेल 2024 को राशि जमा हुई। तब बैंक अधिकारी ने कहा कि यदि आपको तीन लाख रुपए की आवश्यकता है तो तीन लाख रुपए ही निकाले आपको तीन लाख रुपए पर ही ब्याज लगेगा तब समूह द्वारा 30 अप्रेल 2024 को चेक कं. 348142 के माध्यम से बैंक जाकर तीन लाख रुपए लोन की राशि प्राप्त की। हमने लोन की किश्त बैंक जाकर हर माह 15 हजार रुपए जमा किए तथा अंतिम 12वी किश्त में लोन की बचत राशि और ब्याज सहित कुल 1,41,179 रुपए 30 अप्रेल 2025 को भारतीय स्टेट बैंक शाखा बागबाहरा जाकर जमा कर पावती रसीद प्राप्त की। 17 जून 2025 को भारतीय स्टेट बैंक शाखा बागबाहरा के लोन अधिकारी द्वारा मोबाइल से सूचना दिया गया कि आपकी लोन की किश्त बाकी है आकर जमा करो।

तब हमने उसी दिन बैंक जाकर जानकारी ली तब पता चला कि हमारी अंतिम किश्त की राशि 1,41,179 रुपए हमारे लोन में जमा नहीं हुई है तथा लोन तीन लाख रुपए की जगह छह लाख का चल रहा है, बैंक से कापी लेने पर पता चला। हमें धोखे में रखकर बैंक कर्मचारी द्वारा हमारे हस्ताक्षर वाले एक अतिरिक्त चेक क. 348141 और समूह प्रस्ताव के माध्यम से हमारी बिना जानकारी के तीन लाख रुपए 03 मई 2024 को समय 11:23 बजे हमारे खाते से राशि निकाल ली गई हमारे चेक के दिनांक वाले कॉलम में अप्रैल 04 को मई 05 ओवरराईटिंग कर किया गया है, जिसकी पुष्टि बैंक से मिले दस्तावेज से हुई। बैंक अधिकारी से पूछताछ करने पर कोई संतोष जनक जवाब नहीं मिला। जिसके निराकरण करने एवं आरोपी बैंक अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।



### कलेक्टर ने दिया जांच कराने का आश्वासन

महिला समूह के अध्यक्ष केसरी निषाद, सचिव जानकी साहू, जागेश्वरी निषाद, सत्याभामा निषाद, गुलमत यादव, सोनिया ठाकुर, दुधेश्वरी ठाकुर, जीवन बाई, तुलसी साहू, बिसाहिन साहू ने बताया है कि कलेक्टर से मुलाकात करने के पश्चात कलेक्टर ने फोन के माध्यम से प्रभारी अधिकारी को जांच कर निराकरण करने को कहा है।

### पहले भी कर चुके है आवेदन

महिला समूह के सदस्यों का कहना है कि इस मामले की शिकायत को लेकर कलेक्टर कार्यालय के आवक-जावक विभाग में आवेदन किया था लेकिन कोई सुनवाई नही होने पर जनदर्शन में कलेक्टर के समक्ष आवेदन सौंप कर आरोपी बैंक अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग किये है।

## अधिकारियों से प्रताड़ित परिवार ने की कलेक्टर से शिकायत, कहाः सुनवाई नहीं तो करेंगें आत्मदाह

नायब तहसीलदार एवं हल्का पटवारी के खिलाफ कलेक्टर से शिकायत करने पर भूमि के ऑनलाईन रिकार्ड में प्रकरण दर्ज कर बिक्री पर रोक का उल्लेख कर मानसिक एवं आर्थिक नुकसान पहुंचाने के कारण कलेक्टर कार्यालय के सामने पूरे परिवार सहित आत्मदाह करने की सूचना देने महिला अपने दो बेटों के साथ कलेक्टर जनदर्शन में पहुंची।

ग्वालिन बाई बेवा छेरकू जाति रावत निवासी ग्राम परसदा ने बताया है कि भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम परसदा, पहनं 50, रानिमं शेर, तहसील व जिला महासमुंद छ.ग. में भूमि खसरा नं. 177 रकबा 0.46 हेक्टेयर भूमि है जो कि समस्त राजस्व रिकार्ड में मेरे नाम पर दर्ज चला आ रहा है।

मेरी उक्त भूमि के ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड में नायब तहसीलदार महासमुंद एवं ग्राम परसदा के हल्का पटवारी अरविंद चंद्राकर के द्वारा डिजिटल हस्ताक्षर नहीं करने तथा बार-बार निवेदन करने के पश्चात भी हस्ताक्षर नहीं करने एवं डिजिटल हस्ताक्षर के लिए पैसों की मांग करने पर मेरे द्वारा इसकी शिकायत कलेक्टर के समक्ष की गई थी। मेरी शिकायत के उपरांत नायब तहसीलदार एवं हल्का पटवारी के द्वारा अपर कलेक्टर के निर्देशानुसार 20 जून 2025 को मेरी उक्त भूमि में डिजिटल हस्ताक्षर अंकित किया गया है तथा विवादित को हटाकर रिकार्ड दुरूस्त करने की बात कही गई। किंतु नायब तहसीलदार एवं हल्का पटवारी अरविंद चंद्राकर के द्वारा द्वेषभावना से आकर मेरी उक्त भूमि के राजस्व रिकार्ड के कॉलम 10 में न्यायालय नायब तहसीलदार के रामाक्र 202506122500041/व-121 वर्ष 2024-25 में राजस्व अनुवृत्ति पत्र दिनांक 18.06.2025 के अनुसार उक्त प्रकरण के निराकरण तक वाद भूमि के बिक्री पर रोक लगाई गई है एन या साज (टेर्मिनेलिया टोमेंटोसा) दर्ज कर मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। क्योंकि मेरे द्वारा अपनी उक्त भूमि को डिजिटल हस्ताक्षर कराकर विक्रय किया जाना है जिसकी जानकारी नायब तहसीलदार एवं हल्का पटवारी को भी है इसलिए मुझसे पैसों की भी मांग किया जा रहा है तथा इसका नाजायज फायदा उठाकर उनके द्वारा विवादित को हटाने के लिए मुझसे 1 लाख रुपए मांग कर मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से उक्त प्रकरण को मेरी भूमि के राजस्व रिकार्ड में अंकित किया गया है जबकि मेरी उक्त भूमि में किसी प्रकार का कोई प्रकरण नहीं है उक्त भूमि पूर्ण रूप से साफ है। जनदर्शन में पहुंचे परिवार ने तहसीलदार एवं हल्का पटवारी पर उचित कार्रवाई एवं समस्या का निराकरण न होने की स्थिति में परिवार सहित आत्मदाह करने की सूचना कलेक्टर के समक्ष आवेदन कर दिया गया है।



## व्याख्याता के घर नगद व सोने-चांदी के आभूषण चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



बागबाहरा निवासी व गरियाबंद जिले के कोसमी छुरा में पदस्थ व्याख्याता के वार्ड नं. 3 थानापारा स्थित घर से सोने-चांदी के आभूषणों की चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है।

पुलिस को प्रार्थी सुनील कुमार श्रीवास्तव पिता श्रीरामबिहारी श्रीवास्तव ने बताया कि 13 जुलाई से 14 जुलाई की दरमियानी रात 02 से 03 बजे के बीच उसके घर में अज्ञात चोर ने घुस कर पूजा वाले कमरे में रखे आलमारी से दो नग कान की सोने की बाली कीमत 15000 रुपये एवं नगदी रकम 3500 लगभग एवं उसी कमरे से चांदी की पायल कीमत 1500 रुपए तथा चांदी का मंगल सूत्र कीमत 1500 रुपये एवं चांदी के सिक्के 1 नग कीमत 400 रुपये, एमआई कंपनी का टच स्क्रीन मोबाइल कीमत 1000 रुपए का कुल कम 22,900 को चोरी कर लिए। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331(4),305(ए) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। इसी तरह बसना थाना अंतर्गत ग्राम सरकंडा के एक घर से चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी गुलेश्वरी चौहान पति ओनकार चौहान के घर से 28 जून को अज्ञात आरोपी ने सोने का फल चंपा 06 नग, 02 नग पदक कीमत 47150 रुपए की चोरी कर ली। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303 (2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## नगरीय निकाय कर्मचारियों ने की मुख्यमंत्री को सौंपा तीन सूत्रीय मांग पत्र

**महासमुंद**। पूरे प्रदेशभर के नगरीय निकाय कर्मचारी अपनी तीन सूत्रीय मूलभूत महत्वपूर्ण मांगों को लेकर लगातार पिछले सप्ताहभर से अपने-अपने स्थानीय निकायों में काली पट्टी लगाकर फील्ड और कार्यालयीन कार्यों को कर रहे थे। और अपनी मांगों को लेकर नारा लगाते हुए आवाज बुलंद कर शासन का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने का लगातार प्रयास कर रहे थे। नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी नगरी निकाय कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने बताया कि निकाय कर्मचारियों की बहुत ही महत्वपूर्ण और जमीनी स्तर की तीन मांग महीने के पहली तारीख को वेतन का भुगतान करने, शासन के अन्य विभागों की भांति पुरानी पेंशन योजना लागू करने और समय पर पदोन्नति प्रदान करने जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर हम लगातार संघर्षरत है और लगातार शासन को अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रयास कर रहे थे। इसी बीच शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से संघ के पदाधिकारियों को मुलाकात के लिए बुलावा आया था। संघ के प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री से उनके निवास में भेंट मुलाकात कर अपनी गंभीर और महत्वपूर्ण मांगों और समस्याओं से उनको अवगत कराया गया। जिस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा निकाय कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अति शीघ्र मांगों पर विचार कर पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। श्री सोनी ने बताया कि चर्चा सकारात्मक और सार्थक रही और आने वाले समय पर निश्चित रूप से कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले में प्रमुख रूप से कर्मचारी संघ के संरक्षक संजय शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी, प्रदेश महामंत्री सुभाष सोनकर, वरिष्ठ सलाहकार श्रवण ठाकुर, कर्मचारी ललित साहू उपस्थित रहे।



## दो पक्षों में जारी विवाद के चलते लगातार माहौल हो रहा दूषित

**बिरकोनी**। बिरकोनी में सब्जी व्यवसायी और उसके परिवार के साथ मारपीट के मामले में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि बिरकोनी निवासी भेखलाल साहू बरबसपुर मोड़ के पास 05-06 वर्ष से सब्जी का दुकान अपने परिवार के साथ लगाता है। 14 जुलाई की रात 7:30 बजे अजय साहू, आनंद साहू, युवराज साहू व बुधियारिन साहू आये और हमारे दुकान के सामने क्यों अपनी दुकान क्यों लगाये हो यह हमारे पिताजी का जमीन है कहते हुए सभी लोग मिलकर गाली देते हुए सब्जी पसरा को फेंकने लगे, जिसे प्रार्थी और उसके पिता हन्नुराम साहू ने मना किया। जिस पर दुकान में लगा बांस के डंडे को तोड़कर अजय साहू, युवराज साहू और आनंद साहू हाथ में रखे लोहे के पाइप से प्रार्थी और उसके पिता से मारपीट करने लगा। बीच बचाव के दौरान आरोपी बुधियारिन बाई ने प्रार्थी की मां से मारपीट की। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### काफी दिनों से जारी है दोनों पक्ष में विवाद

मामले में दोनों पक्षों के बीच लगातार जारी इस विवाद के चलते बरबसपुर रोड के आसपास माहौल काफी खराब हो गया है। दोनों पक्षों ने सिटी कोतवाली महासमुंद थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। उसके बाद दूसरे दिन फिर विवाद के बाद मारपीट और शनिवार को पत्थर बाजी में उतरते हुए लाठी डंडे से मारपीट हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों एक ही जगह अगल बगल में सब्जी दुकान लगाते है। इसके चलते लंबे समय से विवाद चल रहा हैं। फरवरी माह में दोनों के बीच में धारदार वस्तु से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई थी, जो थमने का नाम नहीं ले रहा है।

# मूसलाधार बारिश से खेत हुए लबालब



## खेतों में पानी भरने से अंकुरण की समस्या से जूझ रहे हैं किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

सरायपाली तहसील क्षेत्र के साथ-साथ बसना तहसील क्षेत्र के सागरपाली जमदरहा आर आई क्षेत्र में अच्छी बारिश होने से खेती किसानी का कार्य जोरों पर चल रहा है। जिन्होंने खुर्रा बोनी पद्धति से धान की बोआई की है उनका धान अब बियासी के लायक हो चुका है। जिन्होंने लईहारा पद्धति से बोआई किये हैं वे किसान इस समय बारिश थमने का इंतजार कर रहे हैं। क्योंकि, बारिश ज्यादा हो जाने के कारण से अंकुरण की समस्या हो रही है। जिन किसानों ने रोपा के लिए नर्सरी तैयार कर लिए हैं, रोपाई के काम में जुटे हैं। कई किसान लईहारा पद्धति से बोआई की आस में थे, मगर खेतों में पानी ज्यादा भर जाने के कारण से मुश्किल में पड़ गए हैं। कई किसानों ने बताया कि ठीक से अंकुरण नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण से दोबारा बोने की भी आवश्यकता पड़ रही है। खेतों से पानी निकासी एक गंभीर समस्या बन गई है। किसानों का कहना है कि इस समय बारिश आवश्यकता से ज्यादा हो रही है। कई खेतों में लबालब पानी भर जाने के कारण से धान के पौधे कई दिनों से पानी में डूबे हुए हैं। इन खेतों के धान के पौधे गल सकते जिसकी चिंता सता रही है।

### दवा छिड़काव के लिए समय नहीं मिल पा रहा

बदली और बारिश की वजह से किसानों को खेतों में खरपतवार नाशक दवा का छिड़काव करने में परेशानी हो रही है। किसानों का कहना है कि खरपतवार नाशक दवा का छिड़काव नहीं कर पाने के चलते ही खेतों में खरपतवार बड़ी तेजी से बढ़ रहे हैं। खेतों में खाद का भी छिड़काव नहीं कर पा रहे हैं जिसके चलते धान के पौधों में अपेक्षित वृद्धि नहीं हो पा रहा इससे धान का उत्पादन प्रभावित होना स्वाभाविक है। इस समय अच्छी बारिश होने से किसानों को अच्छी फसल होने की उम्मीद तो है मगर अभी किसानों को अंकुरण की गंभीर समस्या से जूझना पड़ रहा है। सागरपाली के कृषक वृंदावन साहू ने बताया कि उसके सड़क किनारे का खेत करीब हफ्ते भर से पानी में डूबा हुआ है। पानी कम हो रहा था मगर आज हुई 1 घंटे भर की बारिश के चलते फिर से खेत लबालब भर गया। मजबूरी में दुबारा बुआई करना पड़ सकता है। रोहिना के रूपानंद साहू ने बताया कि अच्छी बारिश होने के कारण से खेतों में आवश्यकता से अधिक पानी भर गया है। धान बुवाई को ठीक 1 महीना हो चुका है। फसल अच्छी है मगर खेतों में पानी रोक कर खाद दवा छिड़काव करने का उपयुक्त समय नहीं मिल पा रहा है।

## खबर संक्षेप

### मीटिंग के दौरान पिता-पुत्र से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम मुढ़ीपार में गांव मीटिंग के दौरान पिता-पुत्र के साथ मारपीट की घटना के मामले में पिथौरा थाने में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को सुखराम प्रजापति ने बताया कि 13 जुलाई की रात करीबन 9 बजे गांव में मीटिंग थी जिसमें वह और अपने बेटे अजय प्रजापति के साथ गया था। करीब 9.30 बजे मीटिंग के दौरान गांव का बेदराम निषाद एवं उसका बेटा अभिषेक निषाद मुझ पर शराब बेचते हो कहकर आरोप लगाते हुए गाली गलौज कर डंडा से मारपीट किया, जिससे दोनों को चोटें आई। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### कलश यात्रा का छत्तीसगढ़ नगर के इलाकों में भ्रमण



**रायपुर।** अखंड दीपक प्राकट्य एवं वंदनीया माता के शताब्दी वर्ष 2026 ज्योति कलश यात्रा के दूसरे दिन सोमवार को संतोषी नगर गायत्री प्रज्ञापीठ के समस्त परिजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह कलश यात्रा छत्तीसगढ़ नगर, संजय नगर, सुदामा नगर, टिकरापारा, मठपारा, गुरुकुल कालीबाड़ी, पेंशनबाड़ा, धरमनगर आदि क्षेत्रों में भ्रमण किया। इसके बाद छत्तीसगढ़ नगर स्थित सामुदायिक भवन प्रांगण में दीपयज्ञ संपन्न किया गया। इस यात्रा में नागरिक बड़े उत्साव के साथ शामिल हुए। एचएल साहू ने बताया कि कार्यक्रम में सुभाष तिवारी, जानकी निषाद, अनिता साहू, केशर सेन, निर्मला साहू, कृष्णा साहू आदि शामिल थे।

### बैज के जन्मदिन पर बच्चों को बांटी स्टेशनरी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने अपना जन्मदिन बच्चों के साथ मनाया। कमेटी के प्रदेश सचिव पंकज मिश्रा ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष श्री बैज ने अपने जन्मदिन की पूर्व बेला में निवास पर बच्चों के बीच केक काटा और फिर उन्हें कॉपी, पेन, पेंसिल, स्केल, रबर, शार्पनर वितरित किए। इसके बाद बच्चों को केक, नास्ता, मिठाई, बिस्किट, चॉकलेट भी दिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजू ठाकुर, संतोष राव, गोपी जाल, हेमंत पटेल, जितेंद्र यादव, नरेश नवानी, वोकेश देवांगन, मो. तहसीन, पंकज ठाकुर, पारस धीवर, विनायक तिवारी, निर्मल बाग आदि उपस्थित थे।

### साहित्यकार संजीव ठाकुर का सम्मान



**रायपुर।** वेंकटेश साहित्य मंच द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में रविवार को साहित्यकार संजीव ठाकुर सम्मान पत्र देकर विभूषित किया गया। इसके अलावा कवि श्री ठाकुर को 6 जुलाई को भोपाल निर्दलीय प्रकाशन समूह द्वारा वैश्विक साहित्य सम्मान, सरस्वती प्रज्ञा सम्मान दिया गया। भोपाल तथा रायपुर में तीन साहित्यिक पुरस्कारों से नवाजे गए। कवि लेखक मुकेश गुप्ता की कृति 'क्या करूं उलझनें सुलझती ही नहीं' के विमोचन एवं इसी विषय पर खुली चर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. जेके डागर, वीरेंद्र शर्मा, शोभा शुक्ला, रुपाली चक्रवर्ती, मनोज मसंद एवं अन्य अतिथियों को बतौर अतिथि आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर साहित्यकार राजेश जैन राही, डॉ. महेंद्र कुमार ठाकुर, राजेंद्र ओझा, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, पल्लवी झा, रामेश्वर शर्मा आदि उपस्थित थे।

## समस्या: सूचना पटल भी उपेक्षित, नाला पुल की हालत जर्जर

# करोड़ों की सड़क परियोजना में जर्जर पुल बना जानलेवा रास्ता


हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

बसना ब्लॉक के लंबर–कासीपाली मोड़ से राष्ट्रीय राजमार्ग सिंघोड़ा तक लगभग 40 किमी लंबे इस मार्ग पर निर्माण कार्य एशियन विकास बैंक (एडीबी) की सहायता से 129 करोड़ की लागत से किया गया। लेकिन, परियोजना के अंतर्गत बने बिरकोल लात नाला पुल की हालत आज इतनी जर्जर हो चुकी है कि वह सुविधा नहीं, बल्कि मौत का रास्ता बन गया है।

हर दिन इस मार्ग से हजारों ग्रामीण, स्कूली छात्र, किसान, व्यापारी और श्रमिक यात्रा करते हैं। यह मार्ग लोहरीनडिपा, आंवलाचक्का, बिरकोल, मोहनमुंडा, केदुवा, बिजातीपाली, डंगनिया, कलेंडा, सुखापाली सहित 20 से अधिक गांवों की जीवनरेखा है।

मौके पर पुल की उखड़ी कांक्रीट और खुले सरिए, गिरा हुआ नागरिक सूचना पटल, जिस पर धूल-मिट्टी जमे हुए दिखाई दे रहे हैं। साथ ही पुल की सतह गड्ढों और दरारों से भर गई है। यह परियोजना एडीबी सहायता से बर्बरिक प्रोजेक्ट लिमिटेड रायगढ़ द्वारा बनाई गई थी। इसमें पुल-पुलियों का निर्माण, डब्ल्यूबीएम सुदृढ़ीकरण और संपर्क मार्गों का विकास शामिल था। लेकिन बिरकोल लात नाला पुल, जिस पर लाखों रुपये खर्च हुए, कुछ ही वर्षों में टूटने की कगार पर पहुंच चुका है। मार्ग किनारे प्रोजेक्ट की जानकारी देने वाला सूचना पटल आज झाड़ियों और धूल में दबा पड़ा है। बोर्ड गिरा हुआ है और जानकारी पढ़ना असंभव हो गया है। इससे साफ होता है कि न तो देखरेख हो रही है, न ही जिम्मेदारी तय की गई। जब सूचना पटल खुद गिरा पड़ा है, तो आम आदमी को जानकारी कैसे मिलेगी?

पीडब्ल्यूडी अधिकारी मिश्रा का कहना है कि इस मार्ग और पुल की स्थिति की मुझे अभी जानकारी नहीं है। मौके पर जाकर ही बता पाऊंगा कि यह ठेकेदार की मरम्मत अवधि में है या नहीं। अगर मरम्मत के लिए टेंडर निकलेगा तो इस पुल को भी शामिल कर प्रस्ताव भेजा जाएगा। इस बयान से विभाग की लापरवाही और अनभिज्ञता उजागर होती है। पुल की तत्काल इंजीनियरिंग जांच हो, नई कांक्रीट परत बिछाई जाए, ज्वाइंट और दरारों की मरम्मत की जाए, सावधानी बोर्ड और बैरिकेडिंग लगाई जाए जब तक कार्य शुरू न हो, निर्माण में लापरवाही पर ठेकेदार व एजेंसी पर सख्त कार्रवाई हो।






तस्वीरें बयान कर रही हैं खस्ताहाल का सच

### यह पुल क्यों बन चुका है जान का खतरा?

पुल की सतह कांक्रीट उखड़ी, सरिए बाहर आ चुके हैं, संरचना सरियों में जंग लगने से कमजोर ढांचा, बरसात में खतरा ज्वाइंट पर गहरे गड्ढे, पानी भरने से फिसलन का खतरा, सूचना पटल गिरा हुआ, धूल-मिट्टी में दबा, कोई जानकारी स्पष्ट नहीं, दुर्घटना की आशंका टायर फटना, वाहन फिसलना, बच्चों का गिरना आम हो गया है।

# विधायक ने विस में ली सड़कों के मरम्मत संधारण मद में खर्च राशि की जानकारी

## विधायक नंद ने मरम्मत राशि में भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

विधायक चातुरी नंद ने मानसून सत्र के दूसरे दिन विधानसभा में क्षेत्र की सड़कों एवं भवनों के मरम्मत एवं संधारण मद में खर्च राशि की जानकारी लोक निर्माण विभाग के मंत्री अरुण साव से ली।



विधायक चातुरी नंद के तारांकित सवाल के जवाब में बताया कि 1 जनवरी 2023 से 19 जून 2025 तक सरसींवा गाताडीह सरायपाली मार्ग के मरम्मत हेतु 3.32 लाख, 1.98 लाख, 50.25 लाख, 49.98 लाख एवं 26.29 लाख मरम्मत के नाम पर खर्च की गई है। इसी तरह बसना भंवरपुर सागरपाली मार्ग हेतु 3.32 लाख, 10.81 लाख, 29.14 लाख एवं 11.71 लाख रुपए खर्च की गई। साथ ही कुसमूर बंसुलीडीह मार्ग के मरम्मत हेतु 24.36 लाख, लंबर कांशीपुर मार्ग के मरम्मत हेतु 16.01 लाख, सतपाल बंसुलीडीह मार्ग के मरम्मत हेतु 15.39 लाख खर्च की गई। इसी तरह उपरोक्त अवधि के दौड़ाने सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के सड़कों के मरम्मत के 49 कार्यों के लिए कुल 3 करोड़ 28 लाख 60 हजार रुपए खर्च की गई।

विधायक चातुरी नंद के सवाल के जवाब में मंत्री ने बताया कि भवन मरम्मत एवं संधारण कार्य अंतर्गत 96/डीएल वर्ष 2023-24 में शिकायक प्राप्त होने पर मुख्य अभियंता, लोनिवि, रायपुर परिक्षेत्र रायपुर द्वारा गठित जांच टीम द्वारा जांच की गई। जांच दल ने अपने रिपोर्ट में माना कि भवन मरम्मत एवं संधारण कार्य में उप अभियंता का मापांकन का तरीका सही नहीं है। माप क्रमांक 794 के पेज 83 से 89 में पुट्टी कार्य का माप पुताई कार्य के साथ साथ एक ही तिथि में दर्ज किया गया गया है, जिसे अनुविभागीय अधिकारी द्वारा सत्यापित नहीं किया गया है। माप पुस्तिका का सूक्ष्मता से अवलोकन करने पर ज्ञात हुआ होता है कि उपरोक्त टेबलेटर प्रपत्रानुसार अधिकांश भाग के कार्यों में पाई गई विसंगतियां तत्कालीन अभियंता अरविंद देवांगन के अनुविभागीय अधिकारी के पद पर प्रभार में होने के कार्यावधि का होना पाया गया।

विधायक चातुरी नंद ने मीडिया को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि क्षेत्र के सड़कों एवं भवनों के मरम्मत एवं संधारण कार्य में लीपापोती कर भ्रष्टाचार किया गया और पूरी राशि का आहरण कर अपनी जेबें भरने का काम लोक निर्माण विभाग के अफसरों ने की है। विधायक चातुरी नंद ने कहा कि भ्रष्टाचार की इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग करने पत्र लिख कर किया जाएगा। विधायक चातुरी नंद ने कहा कि विष्णु देव के सरकार में अधिकारी भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे है। भ्रष्ट कार्यों की शिकायत करने पर अफसरों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है जिससे अफसरों के हौसले बुलंद है और भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहे है।

### आनंद समाज वाचनालय के बाजू से स्टेडियम होते हुए बूढ़ापारा पहुंचना आसान, नया बायपास मार्ग शुरू

**रायपुर।** राजधानी के ब्राह्मणपारा स्थित आनंद समाज वाचनालय के बाजू से सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम होकर बूढ़ापारा पहुंचना अब आसान होगा। नगर निगम ने श्याम टाकीज की तरफ बायपास मार्ग खोल दिया है। इससे एक ओर जहां ट्रैफिक का दबाव कम होगा, वहीं कंकालीपारा, ब्राह्मणपारा सहित आसपास के रहवासी कम समय में बायपास मार्ग से सीधे बूढ़ापारा मुख्य मार्ग तक पहुंच पाएंगे। दरअसल शहर के स्वामी विवेकानंद सरोवर के सामने गणेश मंदिर चौक से लेकर बूढ़ेश्वर मंदिर चौक तक आए दिन ट्रैफिक जाम की समस्या से शहरवासी जूझते रहे हैं। आम जनता की परेशानी को देखते हुए कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, निगम आयुक्त विश्वदीप और एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने ट्रैफिक का दबाव कम करने यह कदम उठाया।

# चलती ट्रेन में दर्ज हो रही एफआईआर, एक कॉल पर जीआरपी की आमद, यात्रा प्रभावित नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



चलती ट्रेन में किसी भी घटना, दुर्घटना या आपराधिक वारदात की स्थिति में अब यात्रियों को ट्रेन छोड़ने की आवश्यकता नहीं है। एक कॉल पर शासकीय रेलवे पुलिस, जीआरपी यात्रियों तक पहुंच रही है और मौके पर ही एफआईआर दर्ज की जा रही है। रायपुर मंडल में इस सुविधा का यात्रियों को सीधा लाभ मिल रहा है। ट्रेन में चोरी या किसी अन्य घटना की सूचना देने पर शिकायत संबंधित थाने तक स्वतः पहुंच जाती है और कार्रवाई शुरू हो जाती है। हालांकि अभी भी कई यात्री इस सुविधा से अंजान हैं और घटना होने पर घबरा जाते हैं। कई बार यात्री बीच रास्ते में ट्रेन से उतरकर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए स्टेशन पर रुक जाते हैं, जिससे उनकी यात्रा बाधित होती है। रेल पुलिस अधिकारियों के अनुसार, चलती ट्रेन में एफआईआर दर्ज कराने की सुविधा पहले से उपलब्ध है, लेकिन जागरूकता की कमी के कारण इसका उपयोग कम हो रहा है। ऐसे में जरूरी है कि यात्री रेलवे हेल्पलाइन और पुलिस सुविधाओं की जानकारी रखें, ताकि आपात स्थिति में समय पर मदद मिल सके।

### महिलाओं-बच्चों के लिए विशेष सतर्कता

जीआरपी महिलाओं और बच्चों को लेकर बेहद सतर्क रहती है। रेलवे स्टेशन और ट्रेन में चलने वाले गार्ड बच्चों पर नजर रखते हैं। कई बार छोटे बच्चे अभिभावकों से नाराज होकर आ जाते हैं। महिलाएं भी घरेलू विवाद के कारण घर छोड़ देती हैं। पुलिसकर्मी नाबालिग बच्चों और महिलाओं को अकेले देखकर उनसे जानकारी लेते हैं।

### अब कहीं से भी दर्ज करा सकते हैं रिपोर्ट

अब चलती ट्रेन में किसी भी अप्रिय घटना जैसे चोरी या लूट की स्थिति में थाना क्षेत्र की सीमा को लेकर यात्रियों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। यात्री सीधे हेल्पलाइन नंबर 139 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। सूचना मिलते ही ट्रेन में मौजूद जीआरपी तुरंत संबंधित यात्री तक पहुंच जाएंगे। एफआईआर दर्ज कराने के लिए पुलिसकर्मी यात्रियों को आवश्यक फॉर्म उपलब्ध कराएंगे। यात्री द्वारा फॉर्म भरने के बाद उसे पुलिसकर्मी के माध्यम से अगले स्टेशन पर स्थित थाने में अग्रेषित किया जाएगा, जहां विधिवत एफआईआर दर्ज की जाएगी। अक्सर देखा गया है कि सीमा क्षेत्र के भ्रम के कारण यात्री रिपोर्ट दर्ज कराने से हिचकते हैं, लेकिन रेलवे ने स्पष्ट किया है कि अब किसी भी रेलवे थाने में, किसी भी स्थान से एफआईआर दर्ज कराई जा सकती है।

## छग के स्थापना दिवस पर शिवसेना की बाइक रैली

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस के अवसर पर शिवसेना कार्यकर्ता और पदाधिकारियों द्वारा बाइक रैली स्टेशन चौक हनुमान मंदिर से संजय मार्केट गुरुनानक चौक, एमजी रोड शारदा चौक, तात्यापारा, पुरानी बस्ती, लाखेनगर, जोन क्रमांक 5, आश्रम चौक, राजकुमार कॉलेज होते हुए शिवसेना प्रदेश कार्यालय चौबे कॉलोनी में समाप्त होगी।

इसके बाद शिवसेना के प्रदेश प्रमुख, वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता को संबोधित कर आगामी कार्ययोजना, छत्तीसगढ़ हित, आमजन के हित के लिए उत्साहित करेंगे। यह जानकारी प्रदेश महासचिव संजय नाग, संतोष मार्कण्डेय, बल्लू जांगड़े ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# डेंजर जोन के ट्रामा सेंटर का काम दो साल बाद भी अधूरा, घायल राजधानी के अस्पतालों के भरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- धरसींवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जाना था तैयार

सड़क हादसों में घायल होने वालों को त्वरित उपचार प्रदान करने के लिए डेंजर जोन माने जाने वाले धरसींवा में ट्रामा सेंटर बनाने की योजना दो साल बाद भी पूरी नहीं हो पाई है। इस इलाके में होने वाली घटनाओं के घायलों को अभी भी उपचार के लिए रायपुर के अस्पताल के भरोसे रहना पड़ रहा है। ट्रामा में जरूरी उपकरण उपलब्ध कराने के साथ विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की योजना भी थी।

राजधानी के आउटर में धरसींवा इलाका भी एक्सीडेंट के मामले में डेंजर जोन माना जाता है। इसके अलावा वहां काफी संख्या में औद्योगिक संस्थान भी हैं, जहां अक्सर हादसे होते रहते हैं। इन एक्सीडेंट में घायल होने वालों को उपचार की त्वरित सुविधा देने के लिए वहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ट्रामा सेंटर बनाने की योजना तैयार की गई थी। राशि स्वीकृत होने के बाद इसका काम शुरू हुआ, मगर गति इतनी धीमी है कि लंबा समय बीतने के बाद भी ट्रामा सेंटर पूरा नहीं बन पाया है। अब तक केवल भवन निर्माण की प्रक्रिया पूरी हो पाई है।



### हालत स्थिर करने के बाद रेफर

सूत्रों का कहना है कि यहां बनाए जाने वाले ट्रामा सेंटर में प्राथमिक उपचार की तमाम सुविधाएं जुटाई जानी हैं। किसी हादसे का शिकार होकर जब कोई मरीज वहां पहुंचेगा तो आवश्यक उपचार के बाद हालत स्थिर कर आगे के इलाज के लिए बड़े संस्थानों में रेफर किया जाएगा। इसके लिए वहां कुछ चिकित्सा विशेषज्ञों की नियुक्ति भी की जानी है। आवश्यक उपकरणों की खरीदी सीजीएमएससी के माध्यम से होनी है।

### कर रहे व्यवस्था

धरसींवा ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. विकास तिवारी ने बताया कि भवन की फिनिशिंग बाकी है। कुछ कमरों में अस्थि रोग के मरीजों का इलाज किया जा रहा है। ट्रामा निर्माण के लिए जरूरी सुविधाएं जुटाने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। आने वाले दिनों में इसे प्रारंभ करने की तैयारी है।

# बांड पोस्टिंग की काउंसिलिंग पूरी, अब आर्डर के चक्कर में अटकी ज्वाइनिंग

- पहली सूची वालों को पोस्टिंग आर्डर दिए, अन्य तीन लिस्ट में शामिल डॉक्टरों को भूला विभाग
- अनुबंध सेवा देने वाले डॉक्टर लगा रहे स्वास्थ्य संचालनालय के चक्कर, संतोषजनक जवाब नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

बांड पोस्टिंग की प्रक्रिया पारदर्शी बनाने ऑनलाइन काउंसिलिंग की प्रक्रिया पूरी करने के बाद विभाग डाक्टरों को पोस्टिंग आर्डर ही देना भूल गया है। इस चक्कर में करीब सौ चिकित्सा अधिकारी विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर अपनी ड्यूटी ज्वाइन नहीं कर पा रहे हैं। काउंसिलिंग के बाद बड़े कार्यक्रम में पहली सूची वालों को पोस्टिंग आर्डर दिए गए हैं। उसके बाद की तीन सूची में शामिल डॉक्टरों को अटका दिया गया। एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने वाले बांडेड डॉक्टर स्वास्थ्य संचालनालय के चक्कर लगा रहे हैं, मगर उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है।

सरकारी मेडिकल कॉलेजों में अपनी पढ़ाई पूरी करने वाले चिकित्सा छात्रों को दो साल की अनुबंध सेवा पूरी करनी होती है। इस अवधि के दौरान उन्हें विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में तैनात कर क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने की जिम्मेदारी दी जाती है। इस बार बांड पोस्टिंग के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया पूरी की गई है और चार लिस्ट बनाकर प्रदेशभर के जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में तैनाती की गई। पहली सूची में शामिल कुछ डॉक्टरों को एक वृहद कार्यक्रम में पोस्टिंग आर्डर जारी किया गया। इसके बाद तीन अन्य सूची के करीब सौ डॉक्टरों को पंद्रह दिन से ज्यादा का वक्त बीतने के बाद भी पोस्टिंग आर्डर नहीं दिया गया है। इसे लेकर डॉक्टरों में असंतोष की स्थिति बनने लगी है। उनका कहना है कि स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर नहीं होने की वजह से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं और ज्वाइनिंग नहीं दिए जाने के कारण उनकी बांड अवधि आगे बढ़ रही है। चिकित्सा छात्रों का कहना है कि इस बारे में उनके द्वारा स्वास्थ्य संचालनालय के अधिकारियों से मुलाकात की गई, मगर उनकी ओर से किसी तरह का संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा रहा है।

### सीजीडीएफ ने जताई आपत्ति

बांड पोस्टिंग की सूची जारी करने के बाद भी एमबीबीएस पासिंग आउट डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र नहीं दिए जाने के मामले में छत्तीसगढ़ डॉक्टर्स फेडरेशन (सीजीडीएफ) ने आपत्ति जताई है। ज्वाइनिंग नहीं होने की वजह से संबंधित स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार व्यवस्था प्रभावित हो रही है। अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह लोधी का कहना है कि इस मामले में स्वास्थ्य संचालनालय के अधिकारियों से मिलकर समस्या के बारे में चर्चा की जाएगी।



### रिफंड में आई तकनीकी समस्या

काउंसिलिंग में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की पंजीयन राशि के रिफंड को लेकर एक बार फिर तकनीकी समस्या आ गई है। नीट पीजी 2024 की काउंसिलिंग में शामिल 1068 विद्यार्थियों में से केवल 70 की पंजीयन राशि वापस हो पाई है। शेष 998 लोगों को राशि तकनीकी समस्या की वजह से वापस नहीं की जा सकी है। शिकायतों के बाद चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा अब राशि वापसी के लिए ऑनलाइन आवेदन में दर्ज वैकल्पिक बैंक खाते का उपयोग किया जाएगा।

# आक्रोशित हुए छात्र, नकल प्रकरण के विरोध में फूंका पुतला, भड़की आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल में हाईटेक नकल प्रकरण सामने आने के बाद सोमवार को कई स्थानों पर छात्रों ने विरोध-प्रदर्शन किया। राजधानी रायपुर में एनएसयूआई ने पं.रविशंकर शुक्ल विवि के मुख्य द्वार के समक्ष प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराया। पुतला दहन के दौरान आग भड़क गई। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शांतनु झा इसकी चपेट में आ गए। हालांकि कोई बड़ी घटना नहीं हुई। तुरंत ही पानी डालकर आग पर काबू पा लिया गया। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने रविवार को हुई इंजीनियर भर्ती परीक्षा रद्द कर पुनः परीक्षा आयोजित करने की मांग की है। घंटेभर चले प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने उग्र नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि नकल माफियाओं को सरकार का संरक्षण प्राप्त है। तैनात पुलिस बल भी पुतले को बुझाने में लगी रही।

## खबर संक्षेप

### स्वावलंबन से आजीविका की शुरुआत

**महासमुंद**। स्वावलंबन के माध्यम से आजीविका से जुड़ने महिलाओं द्वारा आज से सस्ते दर पर भोजन सुविधा की शुरुआत की जा रही है। 2011 से शुरु हुए जय गंगा मैया महिला स्वसहायता समूह द्वारा शहर के स्टेशन रोड में इसके संचालन की शुरुआत की जा रही है। बता दें कि इस महिला समूह में 12 महिलाएं हैं, जो स्वयं इस भोजनालय में सेवाएं देते हुए स्वावलंबन की दिशा में कार्य करेंगी। समूह द्वारा रोजगार की शुरुआत की गई है। समूह के पदाधिकारियों ने बताया कि इस भोजनालय में टिफिन और मेस सुविधा की भी सेवा दी जाएगी।

### केजव्हील से टकराकर युवक घायल, काटना पड़ा पैर

**महासमुंद**। ट्रैक्टर के केजव्हील से टकराकर बाइक में सवार युवक घायल हो गया। पुलिस को सुखमोती भोई पति सेतकुमार भोई (30 साल) कटंगतराई थाना सांकरा ने बताया कि 8 जुलाई को उसका लड़का प्रेम भोई कटंगतराई से पैदल सलडीह तक आया था और रास्ते में सलडीह से भगतदेवरी के सुरेश्वर पोर्ते की मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीएन 2479 में लिफ्ट मांगकर अपने मामा के घर भगतदेवरी आ रहा था। शाम करीब 7 बजे सलडीह देशी मदिरा भट्ठी के पास ग्राम भगतदेवरी की ओर से आ रही नीले रंग की ट्रैक्टर के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए ट्रैक्टर के केजव्हील से सुरेश्वर पोर्ते की मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे प्रेम भोई तथा सुरेश्वर पोर्ते को चोटें आई। प्रार्थिया ने बताया कि उसके लड़के प्रेम भोई का पैर ट्रैक्टर के केजव्हील में फंसने से गंभीर चोट आई। जिसका इलाज के दौरान डॉक्टर द्वारा दाहिने पैर को काट दिया गया। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 125(बी), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

**जायजा : कृषि विभाग ने चालू खरीफ सत्र में 49 दुकानों का किया निरीक्षण**

# उर्वरक नियंत्रण आदेश का पालन नहीं, 39 दुकानों को भेजा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले के कृषकों को अच्छी गुणवत्ता की आदान सामग्री मिल सके, इसके लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा सतत रूप से जिला स्तरीय निरीक्षण दल एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों को दिए गए निर्देश के फलस्वरूप विभाग द्वारा लगातार कृषि आदान केंद्रों/विक्रय स्थल का निरीक्षण किया जा रहा है।

उप संचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि 01 अप्रैल 2025 खरीफ मौसम प्रारंभ से आज दिनांक की स्थिति में 49 दुकानों का निरीक्षण किया जा चुका है। जिसमें 39 दुकानों कों उर्वरक नियंत्रण आदेश का पालन नहीं करने के फलस्वरूप कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिसमें 35 दुकानों का जवाब संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर उनका उर्वरक प्राधिकार पत्र 15 दिवस के लिये निलंबित किया गया। उक्त दुकानों में मे. गुलशन कृषि केंद्र झलप, मे. शिव कृषि केंद्र पासिद, मे. मोनू कृषि केंद्र तुमगांव, मे. भानू फर्टिलाईजर महासमुंद, मे. बीना एग्रोटेक झलप, मे. आनंद एग्रो एंड सर्विसेस तुमगांव, मे. अमूल्या खाद भंडार झलप, मे. ओम भवानी कृषि केंद्र तुसदा, मे. जय मां भीमेश्वरी सुनसुनिया, मे. गीतांजली बीज भंडार तेन्दूकोना, मे. श्रीहरि कृषि केंद्र बागबाहरा, मे. शिवम बीज भंडार बागबाहरा, में. गणेश कृषि केंद्र बागबाहरा, मे. आरएस ट्रेडर्स बागबाहरा, मे. मनीष कृषि सेवा केंद्र झगरेनडीह, मे. पटेल कृषि सेवा केंद्र मेमरा, मे. जय किसान ट्रेडर्स लाखागढ़, मे. शुभम् कृषि सेवा केंद्र कौहाकुड़ा, मे. कुलदीप कृषि सेवा केंद्र पिथौरा, मे. शिवम् कृषि सेवा केंद्र पिथौरा, मे. राज कृषि सेवा केंद्र भगतदेवरी, मे. खत्री ट्रेडर्स सांकरा, मे. बजरंग कृषि सेवा केंद्र सांकरा, मे. महेश ट्रेडिंग कंपनी बसना, मे. कंसल खाद भंडार बसना, मे. सिंधु कृषि सेवा केंद्र बंसुला, मे. प्रेम कृषि सेवा केंद्र सागरपाली, मे. सृष्टि इंटरप्राईजेस भूकेल, मे. पटेल कृषि सेवा केंद्र सरायपाली, मे. कृषि दुनिया सरायपाली, मे. प्रधान कृषि सेवा केंद्र सरायपाली, मे. ओम फर्टिलाईजर सरायपाली, मे. अग्रवाल ट्रेडर्स सरायपाली, मे. राजेश अग्रवाल सरायपाली, मे. सरायपाली स्वाभिमान महिला प्रोड्यूसर कंपनी सरायपाली सम्मिलित है।

इसके अलावा खत्री बीज भंडार सांकरा द्वारा बगैर पीसी के बीज क्रय करने पर संबंधित फर्म के बीज के विक्रय पर 21 दिवस के लिए प्रतिबंध लगाया गया है। इसी प्रकार बसना विकासखंड के समलेश्वरी कृषि सेवा केंद्र के द्वारा अवैध 57 बोरी डीएपी रखने पर जप्ती बनाकर कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बसना एवं सरायपाली तथा कृषि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा भी बसना, सरायपाली विकासखंड के निजी विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया गया एवं दुकानदारों को सही कीमत पर उर्वरक बेचने एवं पीओएस मशीन के द्वारा बेचने के निर्देश दिये गये। खरीफ मौसम में लगातार यह कार्रवाई जारी रहेगी, कृषकों को अपील की गई है, कि वे संबंधित फर्म से बिल लेकर ही आदान सामग्री का क्रय करें।

# महाविद्यालय में प्रवेश के लिए तृतीय सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- **तृतीय प्रवेश सूची में प्रवेश के लिए चयनित विद्यार्थी 25 जुलाई तक प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं**

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय में प्राचार्य करुणा दुबे एवं प्रवेश प्रभारी डॉ. रीता पांडेय के संयोजन में उच्च शिक्षा विभाग एवं पंडित रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के अधिसूचना आदेश अनुसार महाविद्यालय में सत्र 2025 -26 में प्रवेश के लिए तृतीय प्रवेश सूची जारी कर दी गई है। तृतीय प्रवेश सूची में प्रवेश के लिए चयनित विद्यार्थी 25 जुलाई प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। स्नातक प्रथम वर्ष हेतु 1265 सीट एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु 775 सीट है। 15 जुलाई को तृतीय सूची के लिए विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन आवेदन महाविद्यालय को प्रवेश के लिए प्रदान किया गया। महाविद्यालय में पूर्व शेष 2589 आवेदन एवं तृतीय सूची के लिए प्राप्त 445आवेदन को मिलाकर तृतीय सूची जारी की गई। तृतीय सूची कुल स्नातक. एवं स्नातकोत्तर 710 की प्रवेश सूची जारी की गई है। अभी भी 2157 आवेदन शेष है। तृतीय सूची मैं प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 25 जुलाई है। 25 जुलाई को रिक्त स्थान सभी वर्गों के लिए खोल दिया जाएगा, जिसको प्रवेश मार्गदर्शिका के अनुसार नियमानुसार प्रवेश दिया जाएगा। प्राप्त आवेदन में सभी सीटों के विरुद्ध गुणानुक्रम में अधिभार के साथ आरक्षण नियमों का पालन करते हुए प्रवेश सूची जारी कर दी गई है। तृतीय प्रवेश सूची 15 से 25 जुलाई तक प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश संयोजक डॉ. रीता पांडेय ने बताया कि आज महाविद्यालय द्वारा जारी सूची को सूचना पटल पर चस्पा कर दिया गया है एवं महाविद्यालय की वेबसाइट में भी अपलोड कर दिया गया है। विद्यार्थी इसका अवलोकन कर सूची में नाम होने पर प्रभारी प्राध्यापकों से दस्तावेजों का मूल प्रति से सत्यापन कराकर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। महाविद्यालय में हेल्प डेस्क समिति का गठन किया गया है। विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की समस्या हो तो विद्यार्थी हेल्प डेस्क से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं एवं प्रवेश समन्वय समिति सदस्य डॉ. ईपी चेलक, डॉ. मालती तिवारी एवं अजय कुमार राजा से भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वार्षिक पद्धति के स्नातक तृतीय वर्ष में प्रवेश के लिए नवीनीकरण की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है।

# विधायक के प्रयास से महाविद्यालय में इस सत्र से स्नातकोत्तर की कक्षाएं प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना




स्व. जयदेव सतपथी शासकीय महाविद्यालय बसना में इस सत्र 2025- 26 से हिंदी साहित्य और राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर की कक्षाओं में विद्यार्थी प्रवेश ले सकेंगे। बसना महाविद्यालय में स्नातकोत्तर की कक्षाएं प्रारंभ करने के लिए बसना विधायक संपत अग्रवाल के अथक प्रयासों से ही यह संभव हो पाया है।

शासकीय महाविद्यालय बसना की स्थापना वर्ष 1989 में हुई थी, तब से लेकर आज पर्यंत तक केवल स्नातक की कक्षाएं ही संचालित की जा रही थी। परंतु, बसना विधायक के सराहनीय प्रयासों से इस सत्र से स्नातकोत्तर की कक्षाएं संचालित होंगी। इससे पूर्व बसना महाविद्यालय में स्नातकोत्तर की कक्षाएं संचालित ना होने की वजह से इस अंचल के छात्र-छात्राएं सरायपाली, पिथौरा, महासमुंद या अन्यत्र अध्ययन करने के लिए जाते थे, जिससे उनको विभिन्न प्रकार के परेशानियों से जूझना पड़ता था। विशेषकर कई बालिकाओं को स्नातकोत्तर की पढ़ाई से वंचित रह जाना पड़ता था। कई छात्र-छात्राएं उचित सुविधा मिलने से बीए के बाद पढ़ाई छोड़कर घर बैठ जाते थे जिससे उनके उच्च शिक्षा हासिल करने के सपने धराशायी हो जाते थे। कॉलेज में स्नातकोत्तर (पोस्ट ग्रेजुएट) की कक्षाएं, उच्च शिक्षा का एक स्तर है जो स्नातक की डिग्री पूरी करने के बाद की जाती है। हिंदी साहित्य और राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर की कक्षाएं प्रारंभ होने के कारण इस अंचल के सभी छात्र-छात्राओं में हर्ष व्याप्त है।

# शिकार के लिए बिछाए तार की चपेट में आया सूअर, शिकारी गिरफ्तार

**महासमुंद**। वन विकास निगम की आरक्षित भूमि पर बसना के ग्राम पड़कीपाली, बड़े लोरम के मध्य स्थित जंगल के कक्ष क्रमांक 579 में जंगली जानवरों के शिकार के लिए बिछाए गए विद्युत तार के संपर्क में आने से एक जंगली सूअर की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सोमवार अलसुबह सुरक्षा श्रमिकों ने जंगली सूअर की तड़पते हुए चिल्लाने की आवाज सुनी। तलाश करने पर पता चला कि किसी व्यक्ति ने ट्रांसफार्मर से कक्ष क्रमांक 579 पड़कीपाली छोटेलोरम, बड़े लोरम के मध्य स्थित जंगल तक बिछाए बिजली तार के संपर्क में जंगली सूअर आ गया। वन विकास की टीम ने जब गांव में पूछताछ शुरू की तो पता चला कि ग्राम पड़कीपाली निवासी बोधराम यादव (42) ने जंगली जानवरों के शिकार के लिए रात में ट्रांसफार्मर से बिजली तार जंगल तक फैलाया है। संदेह के आधार पर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार किया। फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर महासमुंद भेजने की तैयारी की जा रही थी। वन विकास की टीम घटना स्थल से बिजली का तार जब्त कर जंगली सूअर के शव को पीएम के लिए भेजकर घटना की विवेचना में जुटी है।

# एक दिवसीय बैंकर्स प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की बिहान योजना के अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस आलोक के मार्गदर्शन में जिला पंचायत सभाकक्ष में एक दिवसीय बैंकर्स प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 112 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें विभिन्न बैंकों के अधिकारी, ब्लॉक प्रोजेक्ट मैनेजर, एरिया कोऑर्डिनेटर, एफएल एंड सीआरपी, बीमा सखी, पीआरपी एवं अन्य फील्ड स्टाफ शामिल रहे। कार्यशाला का उद्देश्य बैंकर्स और फील्ड स्टाफ को वित्तीय प्रक्रियाओं की जानकारी देना था, ताकि वे अपने कार्यक्षेत्र में और अधिक प्रभावी, समन्वित एवं परिणाममुखी भूमिका निभा सकें।

कार्यशाला में बिहान योजना की अवधारणा और उद्देश्यों की समझ,स्वयं सहायता समूह के क्रेडिट लिंकेज की प्रक्रिया, उद्यम वित्त के अवसर, बीसी सखी मॉडल की संरचना एवं संचालन प्रक्रिया, सरकारी बीमा योजनाओं की जानकारी नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स की समस्या और समाधान के उपाय, कम्युनिटी बेस्ड रिकवरी मैकेनिज्म कमेटी की भूमिका जैसे प्रमुख विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही फाइनेंशियल लिटरेसी कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन की भूमिका को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। उन्हें प्रशिक्षण के माध्यम से वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने, स्व सहायता समूह के सदस्यों को बैंकिंग से जोड़ने और दस्तावेज़ीकरण में सहयोग हेतु सशक्त किया गया। कार्यक्रम में एनआरपी सतपती, डीडीएम नाबार्ड, आरसेटी डायरेक्टर, एनआरएलएम एपीओ, डीपीएम, डीसी दिलीप साहू एवं अन्य एनआरएलएम सहयोगी स्टाफ उपस्थित रहे।

# जन चौपाल में सुनी समस्याएं, अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। उन्होंने संबंधित विभाग को आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कहा। आज ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के 52 आवेदकों ने आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी आवेदकों की समस्याएं बारी-बारी सुनी। इस अवसर पर सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू एवं रविराज ठाकुर, एसडीएम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। जन चौपाल में ग्राम पंचायत जगदीशपुर, विकासखंड पिथौरा निवासी सारथा नाग ने राशन कार्ड गुम हो जाने पर प्राथमिकता राशन कार्ड हेतु आवेदन किए, जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए कलेक्टर द्वारा आज ही जन चौपाल में राशन कार्ड प्रदान किया गया। इसके अलावा ग्राम दुरुगपाली निवासी लाल बिहारी साहू ने शौचालय निर्माण के लिए मृत व्यक्ति के नाम पर पैसा निकाल लेने के संबंध में आवेदन किया, ग्राम लभराखुर्द निवासी याशिव कुमार ध्रुव ने जाति एवं निवास दस्तावेज में सुधार के लिए आवेदन, ग्राम मुढ़ीपार पिथौरा के ग्रामवासियों ने ग्राम में अवैध शराब बिक्री रोकने के लिए आवेदन, भुरकोनी पिथौरा निवासी नारायण साहू ने पेंशन योजना का लाभ दिलाने के लिए आवेदन, ग्राम मोखापुटका सरायपाली निवासी चैतन्य चौधरी ने अवैध तरीके से डबरी निर्माण के लिए आवेदन किया गया। जन चौपाल में इसके अलावा पीएम आवास योजना, सड़क निर्माण, मुआवजा राशि, साथ ही अन्य माँग एवं शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त हुए, जिस पर शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# पशु सखियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



पशु सखी ग्रामीण पशुपालक किसान और पशुधन विभाग के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करती है। इनके माध्यम से विभागीय योजनाओं को जमीनी स्तर पर कार्यान्वित करने में मदद मिलती है। इसलिए इन्हे तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत विभागीय विषय विशेषज्ञों द्वारा विगत 10 जुलाई को विकासखंड बसना के 35 पशु सखी, 11 जुलाई को विकासखंड पिथौरा के 58 पशु सखी एवं 15 जुलाई को विकासखंड महासमुंद के 70 पशु सखी को जनपद पंचायत के सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। आगामी प्रशिक्षण विकासखंड बागबाहरा में 17 जुलाई को जनपद पंचायत के सभागार में दिया जाएगा।

चिकित्सकों द्वारा पशु स्वास्थ्य रक्षा, पशु पोषण, पशु नस्ल सुधार एवं प्रबंधन, पशुपालन के इन चार प्रमुख स्तंभों को लक्षित कर पशु सखियों को प्रशिक्षित किया गया। पशु स्वास्थ्य सेवाएं जैसे टीकाकरण, उपचार और पशु स्वास्थ्य, नस्ल सुधार के लिए बधियाकरण, कृत्रिम गर्भाधान की नवीनतम तकनीकी विधियों के बारे में उन्हें जानकारी दी गई। पशु कल्याण के महत्व, पशुओं के प्रति सहानुभूति, पशु स्वास्थ्य संबंधी डेटा संकलन में पशु सखियों की अहम भूमिका से उन्हें अवगत कराया गया। उन्हे विभाग और पशुपालकों के बीच समन्वय स्थापित करने बारीकियों को सविस्तार बताया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष पिथौरा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी पिथौरा उपस्थित रहे। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. अंजना नायडू के मार्गदर्शन में जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों ने विकासखंडवार जनपद पंचायत के सभागार में पशु सखियों को प्रशिक्षण दिया।

### जिला खनिज संस्थान न्यास प्रबंधकारिणी समिति की बैठक आज

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास नियम में उल्लेखित प्रावधानों के तहत प्रबंधकारिणी समिति के गठन का प्रावधान है। न्यास के कार्यों का प्रबंधन, दैनंदिनी आधार पर प्रबंधकारिणी समिति द्वारा किया जाता है। कलेक्टर विनय लंगेह की अध्यक्षता में जिला खनिज संस्थान न्यास द्वारा स्वीकृत कार्यों की समीक्षा एवं न्यास नियम में प्रावधानित शक्तियों और कृत्यों के सम्पादन लिए प्रबंधकारिणी समिति का बैठक बुधवार 16 जुलाई 2025 को समय अपराह्न 4 बजे जिला कार्यालय के सभा कक्ष आयोजित की गयी है। अधिकारियों को नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होने कहा गया है।

# जिले की समितियों में खाद-बीज का पर्याप्त भंडारण



**महासमुंद**। जिले के किसानों को खरीफ मौसम की तैयारी में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले के प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण किया गया है। उप संचालक कृषि एफआर कश्यप ने जानकारी दी कि जिले की सभी कृषक सहकारी समितियों से खाद प्राप्त कर सकते हैं।

1 अप्रैल से 14 जुलाई की स्थिति में जिले के सहकारी एवं निजी समितियों में कुल 63229 मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है, जिसमें से 44995 टन खाद का वितरण किया जा चुका है। खाद की उपलब्धता में सहकारी एवं निजी समितियों में यूरिया 32 हजार 749 टन, सुपर फॉस्फेट 15 हजार 491 टन, पोटाश 03 हजार 195, डी.ए.पी. 06 हजार 319, एनपीके 05 हजार 475 टन भंडारित किया गया है। वर्तमान में 18 हजार 324 टन खाद विक्रय हेतु शेष है। जिसमें यूरिया 08 हजार 289, सुपर फॉस्फेट 06 हजार 325, पोटाश एक हजार 129, डीएपी 986 एवं एक हजार 505 टन एनपी के खाद उपलब्ध है, जिसका समितियों द्वारा किसानों को विक्रय किया जा रहा है। कलेक्टर ने सभी सहकारी समितियों एवं निजी दुकानों में पॉस मशीन के माध्यम से विक्रय करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निजी दुकानों में अवैध भंडारण पाए जाने पर जब्ती की कार्रवाई करने सख्त निर्देश दिए है। अधिकारियों द्वारा लगातार खाद की उपलब्धता एवं वितरण पर निगरानी रखी जा रही है।

# गुड शेफर्ड स्कूल में मनाया युवा कौशल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




गुड शेफर्ड स्कूल में युवा कौशल दिवस मनाया गया। सबसे पहले सरस्वती मां के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। पश्चात कक्षा पांचवीं के भूपेश ने अपने युवा कौशल दिवस के महत्व को बताते हुए कहा कि आज युवाओं में बेरोज़गारी काफी बढ़ गई है और इसी समस्या के समाधान और युवाओं को रोजगार के अवसर की उपलब्धता में वृद्धि के लिए 15 जुलाई को सारे विश्व में युवा कौशल दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए प्रायमरी मिडिल के बच्चों ने युवाओं को उनके अंदर छुपे हुए विभिन्न कौशल को उजागर कर रोजगार के रूप में कैसे अपनाया जाए इसकी सुंदर प्रस्तुति दी। जिसके तहत शिक्षक, डाक्टर, किसान, लोहार, नर्स, वैज्ञानिक, माडल, एयर होस्टेस आदि अनेक रूप में रोजगार अवसरों की प्रस्तुति दी। शाला की प्रधानाचार्या मिताली गुरुंग ने कहा कि यदि युवा पीढ़ी प्रयास करें तो वे कभी बेरोजगार नहीं रहेंगे, हर व्यक्ति में कोई न कोई प्रतिभा होती है और वह उस प्रतिभा को निकालकर रोजगार के रूप में अपना सकते हैं। शाला के प्राचार्य एम निवास राव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को सपनों की दुनिया को आकार देने के लिए उठना चाहिए और सकारात्मक समाज के निर्माण में अपने कौशल का उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर हायर सेक्शन के छात्रों को उनके अंदर छिपे कौशल के प्रदर्शन का अवसर दिया गया। जिसमें केसियो वादन, गिटार वादन, गायन, चित्रकला, नृत्य, मेहंदी कला आदि अनेक प्रतिभाओं का प्रदर्शन छात्रों ने किया।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोमाखान, जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ग्राम- सुअरमार, प.ह.न.-08, रा.नि.मं.- कोमाखान, तहसील- कोमाखान, (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक पाहरूराम पिता सियादास निवासी सुअरमार तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द (छ.ग.) के द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि, उनके पुत्र गोपीकुमार का जन्म दिनांक 12.10.2007 को ग्राम सुअरमार में हुआ है। उक्त जन्म का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण आवेदक पाहरूराम के द्वारा उक्त तिथि में अपने पुत्र गोपीकुमार का जन्म दिनांक 12.10.2007 घटना पंजीकृत किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आगामी पेशी तिथि 17.07.2025 को नियत है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/ उजर/ दावा या आपत्ति हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 17.07.2025 को उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त का आक्षेप/ उजर/ दावा/ आपत्ति अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार कोमाखान

## खबर संक्षेप



### मौना पंचमी पर महिलाओं ने रखा व्रत

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में सखी सहेली स्व सहायता समूह की महिलाओं ने मौना पंचमी का व्रत रखा। इस मौके पर भगवान महादेव के साथ नाग देवता की पूजा अर्चना की। प्राची चंद्राकर ने बताया कि यह माना जाता है कि सुहागिन महिलाओं ने इस दिन मौना पंचमी का व्रत रखती हैं और भगवान महादेव नाग देवता की विधिवत से पूजा अर्चना करते हैं। साथ ही भगवान महादेव नाग देवता को घी, सूखे फल, फूल, माला, दूध आदि चढ़ाते हैं। सभी मनोकामना पूरी होते हैं। इस अवसर पर राधिका वैष्णव, दुर्गा, कलिंद्री, गुंजा, खेमीन, मीना, लछवंतीन, दामिनी, बृजेश्वरी, दिनेश्वरी, हीरा आदि मौजूद रहे।



### रामसागर स्कूल में हुआ न्योता भोज का आयोजन

**महासमुंद।** संकुल पटेवा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला रामसागर में मंगलवार को न्योता भोज हुआ। प्रधान पाठक दुष्यंत सिन्हा द्वारा जन्मदिवस पर प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत न्योता भोज कराया। सिन्हा ने बताया की न्योता भोज समुदाय के बीच अपनेपन की भावना को बढ़ाता है। समुदाय को शाला से जोड़ने की यह एक महत्वपूर्ण योजना है। शादी, वैवाहिक, वर्षगांठ, जन्मोत्सव, तीज त्योहार के महत्वपूर्ण अवसर पर पूर्ण या आंशिक भोजन प्रदान कर बच्चों को न्योता भोज करा सकते है। इस आयोजन में संस्था के शिक्षक कोमल दीवान, संकुल समन्वयक राजू देवांगन, मिडिल स्कूल से प्रधान पाठक ऋषि पटेल, रविकांत गोस्वामी, मुरलीधर निषाद, प्रबंधन समिति अध्यक्ष मोहन यादव, उपाध्यक्ष कमल ध्रुव, शिक्षाविद अनिता यादव एवं सरपंच आशा बाई ठाकुर, पंच कामिन ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## निधन

### दीनबंधु चंद्राकर



**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी राम मंदिर पारा निवासी दीनबंधु चंद्राकर (74) का देहांत 14 जुलाई सोमवार को हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में दोपहर 1 बजे किया गया। शवयात्रा में जनप्रतिनिधिगण एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा के शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। वे गोदावरी चंद्राकर के पति व तरुण चंद्राकर के पिता थे।

# काव्यांश के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर शास्त्री राग-रागिनियों ने समां बांधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

काव्यांश साहित्य एवं कला पथक संस्थान के पंद्रहवें स्थापना दिवस के पूर्व संध्या में आयोजित कार्यक्रम में नगर के प्रथम नागरिक निखिल मनोजकांत साहू के मुख्यातिथ्य, भागवत जगत भूमिल की अध्यक्षता तथा विशेष अतिथि प्रलय थिटे, एस चंद्रसेन एवं डॉ.साधना कसार के विशेष आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पावन वंदना से हुआ।

रागों के सिरमौर राग-बसंत में मां सरस्वती की पावन वंदना मां भगवती सुर भारती,आचार्य बीआर साहू के संगीत निर्देशन में जिसमें रश्मि मानिकपुरी, खिलेश्वरी साहू एवं दुर्गा साहू द्वारा समूह गीत के रूप में प्रस्तुत प्रस्तुत किया गया। इस वंदना को सुनकर लोग भाव विभोर हो गए। स्वागत भाषण संस्थान के अध्यक्ष भागवत जगत भूमिल ने प्रस्तुत किया। पश्चात काव्यांश की स्वर कोकिला स्वाति बाला जगत ने आचार्य बीआर साहू के संगीत निर्देशन एवं भागवत जगत भूमिल की शब्द रचना को गौड़ सारंग राग में प्रस्तुत किया। इस काव्यांश गौरव गान को काव्यांश के किसी भी कार्यक्रम के शुभारंभ में गाया जाता है और उपस्थित लोग इसके सम्मान में खड़े हो जाते हैं। पश्चात विदुषी गायिका एवं छत्तीसगढ़ शासन की जिला पुलिस अधिकारी दिनेश्वरी नंद ने शास्त्रीय राग गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। संगीतमयी सभा में प्रसिद्ध संगीतकार



आचार्य बीआर साहू द्वारा हारमोनियम वादन तथा कुशल तबला वादक किसन लाल देवदास का तबला वादन बरबस ही अपनी ओर ध्यान खींच रहा था। राग आधारित संगीतमय कार्यक्रम में जहां सुंदर तिहाई एवं मुखड़े तबला में सुनाई दे रहे थे। वहीं हारमोनियम के सुर में सुर साधते स्वर के साधकों के कोकिल स्वरमय अलंकार अनायास ही आकर्षित कर रहा था। संगीतमय कार्यक्रम के गीतों एवं राग-रागिनी का सुंदर एवं सटीक जानकारी कार्यक्रम के संचालक एवं संगीत मर्मज्ञ सुरेंद्र मानिकपुरी दे रहे थे, जिससे शास्त्रीय संगीत को आत्मसात करने में सुलभता का अनुभव हो रहा था।

महासमुंद की यह एकमात्र अकेली संस्थान है, जहां साहित्यकार, संगीतकार, गीतकार, कलाकार और नाटककार एक ही मंच पर मिलते हैं। संगीतमय कार्यक्रम के बाद विशेष अतिथि के आसंदी से बोलते हुए प्रलय थिटे ने काव्यांश को एक अद्वितीय संस्था कहा। वही डा. साधना कसार ने इसे साहित्य की टकसाल की उपमा दी। जबकि, एस चंद्रसेन ने आर्थिक सहयोग पर बल दिया और कहा कि हमें शासन के ऊपर आश्रित न रह कर आत्म निर्भर रहने की सलाह दी। मुख्य अतिथि निखिल मनोजकांत साहू ने कहा कि काव्यांश एक अद्भुत संस्था है इसके उद्देश्य और कार्य अनुकरणीय है। अवसर पर संस्थान द्वारा निखिल मनोजकांत साहू को वर्ष 2025 का काव्यांश युवा सृजन सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सर्व उमेश भारती गोस्वामी मृदुल, जयपटेल पथिक, डी.बसंत साव साहिल, आचार्य बीआर साहू, किसन लाल साहू, वृंदावन लाल पटेल, द्रौपदी साहू सरसिज, ज्योत्सना कन्नौजे ज्योति, अंजू सोनछत्र, दिनेश चंद्राकर चारुमित्र, मुरली पटेल, नाना साहेब मानिकपुरी, रत्नेश सोनी, स्वाति बाला जगत, रश्मि मानिकपुरी, दिनेश्वरी नंद, खिलेश्वरी साहू, दुर्गा साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के उपाध्यक्ष सुरेंद्र मानिकपुरी एवं आभार प्रदर्शन दिनेश चंद्राकर चारुमित्र ने किया। उपरोक्त जानकारी संस्थान के महासचिव जयराम पटेल पथिक ने दी है।

**बैठक : समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश**

# विकास कार्यों में गति लाने पर जोर, राशन वितरण के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

- **मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं पर तत्काल अमल करें, सभी विभाग ई-ऑफिस का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें**

जिले के विभिन्न विभागों की योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा कलेक्टर विनय कुमार ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर की। बैठक में शासन की प्राथमिकताओं, जन घोषणाओं, योजनाओं और आगामी आयोजनों को लेकर निर्देश दिए गए तथा जन शिकायत, जनदर्शन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम, जवाब दावा आदि की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू एवं रविराज ठाकुर, एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान की गई घोषणाओं पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि घोषणाओं पर अमल करते हुए कार्य प्रारम्भ करें। जनपद सीईओ और निर्माण एजेंसियां इस कार्य को गंभीरता से लें और जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने गढ़फुलझर में पर्यटन के क्षेत्र में की गई घोषणाओं पर त्वरित अमल करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर ने समग्र शिक्षा अंतर्गत अपूर्ण एवं अप्रारम्भ कार्यों को प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। अनुकंपा के रिक्त पदों की जानकारी सभी प्रभारी अधिकारियों को दिए गए है ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। कलेक्टर ने शासन की महत्वपूर्ण ई-ऑफिस कार्यक्रम को सभी कार्यालयों में लागू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी फाइलें ई-ऑफिस के माध्यम से ही प्रेषित किए जाए। इस संबंध में बैठक के दौरान अधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया।

कलेक्टर ने कहा सभी एसडीएम फील्ड में जाकर विकास कार्यों का निरीक्षण करें और गुणवत्ता की निगरानी करें। कलेक्टर ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए नालियों और पानी की टंकियों की सफाई के निर्देश दिए गए। सभी नगरीय निकायों को सघन स्वच्छता अभियान चलाने को कहा गया। कलेक्टर ने राशन वितरण और आयुष्मान कार्ड निर्माण में किसी भी प्रकार की अनियमितता पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, जनहित के कार्यों में पारदर्शिता सर्वोपरि है। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि बैठक में राजस्व प्रकरणों, सुशासन तिहार, पीएम जनमन योजना आदि की भी समीक्षा की गई। पीएमजनमन अंतर्गत सभी विकास के संकेतांकों को 15 अगस्त के पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शहर और गांवों के मुख्य मार्गों से आवारा पशुओं को तत्काल हटाया जाए। इससे यातायात व्यवस्था सुधरेगी और सड़क दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी। सभी नगरीय निकायों और पंचायतों को संयुक्त कार्रवाई करने को कहा गया। सभी विभागों को अपने कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने और समय सीमा में कार्य पूर्ण करने को कहा गया। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों का शीघ्र और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए।




### निजी दुकानों में खाद का अवैध भंडारण, हो तत्काल कड़ी कार्रवाई

कलेक्टर ने खाद वितरण की समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों को समय पर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी निजी दुकान में खाद का अवैध भंडारण पाए जाने पर तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए। कृषि उप संचालक ने बताया कि जिले में वर्तमान में 18234 मीट्रिक टन खाद शेष है। उन्होंने बताया कि 469 मीट्रिक टन डीएपी खाद की खेप भी पहुंची है। जिसे जल्द ही समितियों तक पहुंचाया जाएगा। बैठक में किसानों से संबंधित योजनाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि किसानों का पंजीयन अनिवार्य किया जाए। बिना पंजीयन के कृषक उन्नति योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा। इसके लिए राजस्व, कृषि और सहकारी विभाग मिलकर व्यापक प्रचार-प्रसार करें। ताकि, कोई भी पात्र किसान वंचित न रह जाए। धान संग्रहण एवं उठाव केंद्रों की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि बारिश को ध्यान में रखते हुए केंद्रों की मरम्मत गिट्टी व मुरुम से की जाए ताकि धान को नुकसान न हो। मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत अब तक जनभागीदारी से जल संचयन के लिए 144 इंजेक्शन वेल और 4777 सोख्ता गड्ढों का निर्माण किया जा चुका है। इस कार्य की सराहना करते हुए कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की सतत निगरानी के निर्देश दिए। सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया जनभागीदारी से बन रहे जल संचयन के कार्यों में शिक्षा विभाग द्वारा 987, महिला बाल विकास द्वारा 531, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 29 एवं जिला पंचायत द्वारा 3241 गड्ढों का निर्माण जनभागीदारी से किया गया है।

## सावन के प्रथम सोमवार को शिवालयों में रही भक्तों की भीड़



**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम मोहदा में सावन के पहले सोमवार को भक्तों ने भगवान भोलेनाथ की मूर्ति की स्थापना की। बाद पूजा अर्चना की गई। इस दिन क्षेत्र के सभी शिवालयों में भक्तों की भीड़ देखने को मिली। सभी शिवालयों में लोग शिव भक्ति के रंग में दिखे। बोल बम हर हर महादेव का जयघोष गूंजायमान होता रहा। इस अवसर पर कामता प्रसाद यादव, अमरजीत, अजय, छविराम, रुपेश, खिलेश, लच्छन, टिकेंद्र, सुनील, सुलोचना, ओम, लता, मनीष आदि मौजूद रहे।

## शिवालय पहुंचकर नपाध्यक्ष ने किया जलाभिषेक

**महासमुंद।** सावन के पहले सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने दलदली पहुंचकर दुधेश्वर नाथ मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। उन्होंने जलाभिषेक पश्चात भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर नगर व क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इसके अलावा वे वार्ड क्र. 1 शंकर नगर में शिव लिंग प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भी शामिल हुए।



इस अवसर पर मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का जल, दूध से अभिषेक किया। नपाध्यक्ष ने कहा कि सावन के पहले सोमवार से ही नगर का माहौल शिवमय हो गया है। धार्मिक स्थलों पर शांतिपूर्वक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखना हम सभी का दायित्व है। सावन माह में महासमुंद जिला सहित अन्य जिलों से भी शिवभक्त बम्हनी से जल लेकर महासमुंद नगर होकर सिरपुर पहुंचते हैं। शिवभक्तों के आगमन से महासमुंद की पावन धरा पूरी तरह भक्तिमय हो जाता है। भगवान शिव का हम सभी महासमुंदवासियों पर विशेष कृपा है। पूरे सावन माह भर भगवान शिव की आराधना करने का अवसर हमें मिलता है। उन्होंने महादेव से शहर तथा शहर वासियों के विकास के लिए प्रार्थना की।

## झलप के तीन होनहार छात्र संभाग स्तरीय शतरंज स्पर्धा के लिए चयनित



हरिभूमि न्यूज ▸▸| झलप

शिक्षा और खेल के क्षेत्र में एक बार फिर झलप क्षेत्र ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। क्षेत्र के तीन प्रतिभाशाली स्कूली छात्रों का चयन संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) के तत्वावधान में प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है।

हायर सेकेंडरी झलप की खेल शिक्षिका राजेश्वरी ध्रुवंशी ने बताया कि 4 जुलाई को तुमगांव में विकासखंड स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमें पूर्व माध्यमिक शाला झलप के कक्षा 8वीं के छात्र नूतेंद्र यादव (पिता शेखर यादव) एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल झलप के कक्षा 7वीं के छात्र अंकुर ध्रुवंशी का चयन अंडर-14 वर्ग में जिला स्तर हेतु हुआ। इसी प्रकार स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पटेवा के कक्षा 11वीं के छात्र सौम्य चंद्राकर (पिता मनीष चंद्राकर) ने अंडर-17 वर्ग में अपना स्थान सुनिश्चित किया। पश्चात 12 जुलाई को पिथौरा में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में इन तीनों छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए सफलता पूर्वक अपना चयन सुनिश्चित किया। इस उपलब्धि पर मिडिल स्कूल झलप की प्रधान पाठिका तारा ध्रुव सहित समस्त शिक्षकीय स्टाफ ने प्रसन्नता व्यक्त किया है। झलप क्षेत्र के लिए यह एक गौरवपूर्ण क्षण है, जहां के छात्र न केवल शिक्षा बल्कि खेल के क्षेत्र में भी लगातार अपनी छाप छोड़ रहे हैं।

# सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समितियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

शहर के टाऊन हाल में प्रेरक गरियाबंद द्वारा सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समितियों के मुखियाओं के लिये एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वन, कृषि एवं ग्रामीण विकास से जुड़े प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों और समितियों के सदस्यों ने भाग लिया।

डिप्टी रेंजर सतीश कुमार पटेल ने कहा कि जंगल की सुरक्षा एवं संरक्षण की जिम्मेदारी अब सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समितियों के हाथों में है। उन्होंने आगजनी, अवैध कटाई और सीमांकन जैसे मुद्दों पर जागरुकता और निगरानी की आवश्यकता पर बल दिया। वनोपज संघ के अध्यक्ष प्रमोद चंद्राकर ने वनोपज के मूल्य निर्धारण में ग्रामसभा की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि सरकार की कई योजनाएं उपलब्ध हैं, परंतु जानकारी के अभाव में समुदाय लाभ से वंचित रह जाता है। उन्होंने वनोपज आधारित आजीविका को बढ़ावा देने की जरुरत जताई।

प्रेरक गरियाबंद के अध्यक्ष रामगुलाल सिन्हा ने समितियों को आबंटित वन क्षेत्र की जानकारी रखने, सीमा विवादों के समाधान के लिए सीमांकन करने और निस्तार नियमों पर आधारित स्पष्ट कार्य योजना बनाकर उस पर अमल करने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि आग से बचाव, अवैध कटाई रोकथाम, वन सुरक्षा समिति का गठन तथा पारदर्शी वन प्रबंधन व्यवस्था विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। कार्यशाला में तेजराम यादव, केशरी चंद (जैविक कृषक) एवं गुड्डी सिन्हा जैसे सामुदायक वन संसाधन प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भी अपने अनुभव साझा किए। गुड्डी सिन्हा ने जंगल संरक्षण में महिलाओं की भागीदारी को सशक्त बनाकर उन्हें नेतृत्व की भूमिका देने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में प्रमोद चंद्राकर सहित सभी अतिथियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समितियों को पौधों का वितरण किया गया। पूरे कार्यक्रम का समन्वय हेमलता राजपूत द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। कार्यशाला ने समितियों के सदस्यों को अपने दायित्वों को समझने और स्थानीय वन संसाधनों के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।





### गायत्री चेतना केंद्र सिरपुर में सावन मास में यज्ञ एवं साधना अनुष्ठान प्रारंभ

**महासमुंद।** ऐतिहासिक एवं पुरातत्व नगरी सिरपुर में गायत्री परिवार द्वारा गायत्री चेतना केंद्र का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इस पावन स्थल पर श्रावण मास पर विशेष यज्ञ एवं साधना अनुष्ठान का शुभारंभ किया गया है। इस मासिक साधना कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन गायत्री मंत्र की 24 माला जप की जा रही है। एक माह में कुल 5 लाख 25 हजार गायत्री मंत्र जप का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साधकों द्वारा यह अनुशासित साधना पूर्ण श्रद्धा एवं निष्ठा से की जा रही है। अनुष्ठान के साथ-साथ प्रतिदिन एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन भी किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, गायत्री परिवार के 16 संस्कार जैसे - पुंसवन, नामकरण, जन्मदिवस, मुंडन, विवाह आदि निःशुल्क कराए जा रहे हैं। भविष्य में पिंडदान जैसे मरणोत्तर संस्कारों के आयोजन की भी योजना है।

## डेढ़ साल के भीतर भाजपा की साय सरकार ने चौथी बार बढ़ाएं बिजली के दाम, कांग्रेस करेगी आंदोलन : रश्मि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार बिजली उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली तो नहीं दे रही है, पर बिजली उपभोक्ताओं को एक बार फिर लूटने का काम भाजपा सरकार ने किया है। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है, गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। आगे डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। छत्तीसगढ़ के किसान इस सरकार की दुर्भावना और उपेक्षा के चलते पहले ही खाद, बीज और बिजली कटौती से परेशान हैं, अब कृषि पंप में बिजली की दर बढ़ाकर किसानों की कमर तोड़ रही है। आगे डॉ रश्मि ने जानकारी देते हुए कहा कि सभी ब्लॉकों में आंदोलन करने के लिए महासमुंद शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल प्रभारी, अमृत पटेल, महासमुंद ग्रामीण अध्यक्ष ढेलू निषाद प्रभारी, नवनीत सलूजा, झलप पटेवा ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन साहू, प्रभारी अनंत वर्मा, बागबाहरा ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष रवि निषाद प्रभारी, गौरव चंद्राकर, बागबाहरा शहर अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर प्रभारी, राजू यादव, कोमाखान ब्लॉक अध्यक्ष संतोष पटेल प्रभारी, सचिन गायकवाड, पिथौरा ब्लॉक अध्यक्ष करण सिंह दीवान प्रभारी, हर्ष शर्मा, बसना ब्लॉक अध्यक्ष विजय साहू प्रभारी, फिरोजमेमन, सांकरा ब्लाक अध्यक्ष रविशंकर कश्यप प्रभारी, गौतम सिंहा, भंवरपुर ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र सिदार प्रभारी, मोक्ष प्रधान, सरायपाली शहर अध्यक्ष आरएन आदित्य प्रभारी, मुकेश यादव, सरायपाली ग्रामीण अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल प्रभारी, गिरधर आवड़े, छुईपाली ब्लॉक अध्यक्ष बलराम भोई प्रभारी नरेंद्र सेन को जिम्मेदारी दी गई है।



## पालिकाध्यक्ष ने किया स्वच्छता दीदियों को रेनकोट वितरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कर्मचारियों के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए स्वच्छता दीदियों को रेनकोट का वितरण किया। ज्ञात हो कि कड़ी धूप, कड़ाके की ठंड तथा बरसते पानी में भी शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में स्वच्छता दीदी अपना योगदान दे रहे हैं। शहर में जल जमाव के हालात ना हो इसके लिए सफाई मित्र और नगर निकाय के कर्मचारी जल निकासी सहित सफाई के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं। स्वयं नपाध्यक्ष साहू भी सुबह से देर शाम तक शहर का निरीक्षण करते नजर आते हैं। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की नजर बरसते पानी में बिना रैनकोट के काम कर रहे सफाई मित्रों पर पड़ी तो वे द्रवित हो उठे। पालिका अध्यक्ष जितना काम के प्रति सख्त नजर आते हैं, उतना ही उनका दिल भी नरम है। उन्होंने सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदीयों को भीगते देख तत्काल रेनकोर्ट की व्यवस्था कराई तथा आज मंगलवार को अपने कक्ष में पालिका के सफाई मित्रों को रेनकोट का वितरण किया।

रेनकोट वितरण करते हुए साहू ने कहा कि शहर को साफ व सुंदर बनाने के साथ-साथ पालिका अपने कर्मचारियों का ध्यान भी रख रहा है। समय-समय पर पालिका द्वारा स्वच्छता दीदीयों व सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उनके सेहत का भी ध्यान रखा जा रहा है। रेनकोट मिलने से अब कर्मचारी बरसते पानी में भी अपना कार्य सुगमता से कर सकेंगे। इस अवसर पर पार्षद धनेद्र चंद्राकर, पीयूष अमृत साहू, चंद्रशेखर बेलदार, नीरज चंद्राकर, कल्पना सूर्यवंशी, प्रभारी जल सीताराम तेलक, स्वच्छ भारत मिशन के समन्यवयक नीतू प्रधान, प्रभारी नौशाद बक्श, रमा महानंद आदि मौजूद थे।



